Title: Request to clear the cadre division in Bihar and Jharkhand state immediately.

SHRI PRABODH PANDA (MIDNAPORE): Mr. Speaker Sir, thank you very much for allowing me to raise the same issue.

Sir, about ten States of our country are seriously affected by drought. Farmers are largely affected and most of the crops are being damaged. If rains do not come within one week, then all crops will be destroyed. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You can raise this issue in the debate on floods and drought.

13.00 hrs.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आज बाढ़ और सुखाड़ की समस्या पूरे देश के लिए स्थायी समस्या हो गयी है, खासकर बिहार के लिए। आज उत्तरी बिहार बाढ़ से और मध्य बिहार सूखे से तबाह है। कई जिले बाढ़ और सूखे की चपेट में आ गये हैं। बिहार सरकार काफी लंबे समय से केन्द्र सरकार से वहां के सूखे जिलों के लिए सहायता की मांग कर रही है लेकिन भारत सरकार ने उसे नजरअंदाज किया और सहायता नहीं दी।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि बिहार जैसे गरीब प्रांत को अधिक से अधिक सहायता दी जाये ताकि बिहार राज्य सूखे और बाढ़ की चपेट से किसानों को बचा सकें। अगर समय रहते यह सहायता नहीं दी जा सकती तो आप कोई विशो व्यवस्था करके उन्हें पैकेज दें।

श्री ब्रजमोहन राम (पलामू) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से सदन को एक बहुत ही महत्वपूर्ण सूचना देना चाहता हूं। आज झारखंड राज्य को बिहार से अलग हुए दो साल हो चुके हैं लेकिन अभी तक कैडर बंटवारा नहीं होने से दोनों राज्यों में ऊहापोह की स्थिति में बनी हुई है। अधिकारी और कर्मचारी तय नहीं कर पा रहे हैं कि हमें झारखंड में रहना है या बिहार में रहना है। ऐसी स्थिति में सभी अधिकारी और कर्मचारी पूर्णरूपेण विकास के कार्यों में अपना सहयोग नहीं दे पा रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि विकास कार्यों में बाधा न पहुंचे, आप अविलम्ब कैडर बंटवारे को अंतिम रूप दे दें। मेरा यह भी कहना है कि किसी भी कर्मचारी का केस फाइनलाइज नहीं हो पाया है। बिहार में रहने वाले लोग सोच रहे हैं कि हमें झारखंड में जाना पड़ेगा और झारखंड में रहने वाले लोग सोच रहे हैं कि हमें बिहार में जाना पड़ेगा। इस तरह वहां काफी ऊहापोह की स्थिति है। वहां विकास के कामों में बाधा पहुंच रही है, जमकर भ्रटाचार हो रहा है।

मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि अविलम्ब कैडर बंटवारे को अंतिम रूप दिया जाये। इसके बाद ही दोनों राज्यों में विकास की गति तेज होगी।

MR. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

13.02 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.